THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAFIQUE ALAM): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Functions of GAIL

620. SHRIMATI SUDHA VIJAY JOSHI: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what are the functions of GAIL (Gas Authority of India Limited);

(b) whether it is a fact that some work pertaining to natural gas still remains with ONGC and has not been transferred to GAIL;

(c) if so, what are the details and reasons for the same; and

(d) by whom such work will be transferred to GAIL?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAFIQUE ALAM): (a) The functions of GAIL, *inter-alia* are to transport, process, fractionate and to market natural gas.

(b) to (d) It is proposed to vest responsibility of processing, marketing and transportation of natural gas to GAIL in phases. They are already implementing the HBJ gas pipeline project and are supplying gas to NFL's Fertilizer plant at Bijaipur and to IFFCO's Fertilizer plant at Aonla; they would be supplying gas to other consumers along the pipeline.

एल०पी०जी० सिलेंडरों का अवैध उपयोग और एल०पी०जी० का दुरुपयोग

621. **श्री रामसिंहभाई पातलीयाभाई राठवा** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश भर में बड़े पैमाने पर एल०पी०जी० सिलिंडरों का अवैध उपयोग हो रहा है और एल०पी०जी० का सरासर दुरुपयोग हो रहा है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसे रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गयी है;

(ग) 1 जनवरी, 1985 से 31 मार्च, 1988 तक की अवधि के दौरान गुजरात, बम्बई तथा दिल्ली में ऐसे कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और कितने सिलेंडर पकड़े गये;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के अधिकारियों और एल०पी०जी० या तेल कंपनियों द्वारा नियुक्त अधिकारियों को एल०पी०जी० सिलिंडरों के दुरुपयोग संबंधी अवैध कार्यवाही को रोकने के उद्देश्य से किसी भी स्थान या वाहन की तलाशी लेने और सिलिंडरों को जब्त करने की शक्ति प्राप्त है, यदि हां; तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इस नियम के लागू होने के बाद से कितने सिलिंडर जब्त किये गये और कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) जी, नहीं । इस प्रकार के इक्के-दुक्के मामले होने की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता है ।

(ख), (घ) और (ङ) देश में एल० पी०जी० के सिलिंडरों का अनधिकृत प्रयोग तथा एल०पी०जी० के दुरुपयोग को प्रभावशाली ढंग से नियंत्रित करने के लिये 21 अप्रैल, 1988 को सरकार ने तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (पूर्ति और वितरण का विनियमन) आदेश, 1988 निकाला है इसमें ये व्यवस्थायें हैं :

(i) एल०पी०जी० को अनधिकृत रूप से रखने तथा खपत को नियंत्रित करने ।

(ii) एल०पी०जी० के भंडारण और उसको लाने ले जाने के नियमन ।

(iii) मानक वजन पे कम की एल० पी० जी० के विक्रय और वितरण को रोकना ।

(iv) एल पी जी उपकरणों को अनधिकृत रूप से रखने, सप्लाई या बिक्री को नियंत्रित करने ।

(v) इस आदेश के उपबंधों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिये केन्द्रीय/राज्य सरकारों तथा तेल कम्पनियों के पदाधिकारियों को तलाशी तथा जब्ती के लिये किसी के अहाते में प्रवेश करने के अधिकार देना ।

(ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Buyers for natural gas

622. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the Gas Authority of India Limited is facing difficulty in finding buyers of natural gas; and

(b) if so, what are the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAFIQUE ALAM): (a) and (b) Some of the designated consumers for the gas to be transported through the HBJ Pipeline by GAIL are expected to be delayed.

The delay in commissioning of the three fertilizer plants has been on account of delay in obtaining environmental clearance for the proposed sites and delay in other site related activities.

The delay in commissioning of the three power plants is due to some delay in finalisation of the contracts and in obtaining environmental clearance, etc.

उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग

1623. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में वर्गवार कितने उद्योग स्थापित किये गये;

(ख) इस प्रकार स्थापित किये गये उद्योगों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन उद्योगों में कितने व्यक्ति नियोजित हैं ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य, मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश में-केन्द्रीय दृष्टि से पिछड़े घोषित किये गये विभिन्न जिलों में उद्योग स्थापित करने के लिये कलैण्डर वर्ष 1985, 1986 तथा 1987 के दौरान 101 औद्योगिक लाइसेंस (16 कार्य जारी रखने के लिये दिये गये लाइसेंसों सहित) मंजूर किये गये थे, जिनके ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—

वर्ष	उत्तर प्रदेश में पिछड़े जिलों को मंजूर किये गये औद्योगिक लाइसेंस
1985	44
1986	34
1987	23

विभिन्न अनुसूचित उद्योगों अर्थात् धातु-कर्मी उद्योगों, वैद्युत उपकरणों, दूरसंचार, परिवहन, औद्योगिक मशीनरी, रसा यनों, औषधियां, फोटोग्राफी, संबंधी कच्ची फिल्म तथा कागज, कपड़ा, कागज, चीनी, खाद्य संसाधन उद्योग, चमड़ा तथा चमड़े का सामान, कांच, इमारती लकड़ी संबंधी